विज्ञान ज्योति कार्यक्रम

हाल ही में **विज्ञान ज्योति कार्यक्रम** का दूसरा चरण शुरू किया गया है जो 100 ज़िलों को कवर करेगा। विज्ञान ज्योति कार्यक्रम**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग** (Department of Science & Technology), **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय** द्वारा शुरू किया गया था।

इसके अलावा डीएसटी (DST) विभिन्न महिला केंद्रित कार्यक्रमों के माध्यम से विज्ञान और प्रौद्योगिकी (S&T) में लैंगिक समानता लाने के लिये सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

विज्ञान ज्योति कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएँ:

- इसका उद्देश्य देश में **विज्ञान-प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं** के कम-प्रतिनिधित्व को संबोधित करना है।
- पहले कदम के रूप में '**विज्ञान ज्योति**' को वर्ष 2019-20 में स्कूल स्तर पर शुरू किया गया था, जिसमें कक्षा 9-12 की मेधावी छात्राओं को उच्च शिक्षा में STEM पाठ्यक्रमों को और इसमें करियर बनाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- विज्ञान ज्योति द्वारा स्कूल स्तर यानी कक्षा IX से ही मेधावी लड़कियों को प्रोत्साहित करने की परिकल्पना की गई है जो पीएचडी स्तर तक जारी रहेगा ताकि लड़कियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) जैसे उनके कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों में कॅरियर बनाने हेतु प्रोत्साहित किया जा सके।
- नवोदय विद्यालय समिति (NVS), शिक्षा मंत्रालय का एक स्वायत्त संगठन है जो विज्ञान ज्योति का कार्यान्वयन भागीदार है। NVS का भारत के 600 से अधिक ज़िलों में जवाहर नवोदय विद्यालयों (JNV) का नेटवर्क है।

अन्य संबंधित सरकारी पहलें:

- **महिला वैज्ञानिक योजना:** कॅरियर में ब्रेक वाली महिलाओं की मदद करना।
- **STEM कार्यक्रम में महिलाओं के लिये इंडो-यूएस फेलोशिप:** इसके तहत महिला वैज्ञानिक अमेरिका में अनुसंधान प्रयोगशालाओं में काम कर सकती हैं।
- **महिला विश्वविद्यालयों में नवाचार और उत्कृष्टता के लिये विश्वविद्यालय अनुसंधान का समेकन (क्यूरी) कार्यक्रम:** अनुसंधान एवं विकास अवसंरचना में सुधार और महिला विश्वविद्यालयों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता हेतु अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं की स्थापना करना।

- **जेंडर एडवांसमेंट फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंस्टीट्यूशंस (GATI) कार्यक्रम:** जेंडर एडवांसमेंट फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंस्टीट्यूशंस (GATI) STEM में लिंग समानता का आकलन करने के लिये एक समग्र चार्टर और रूपरेखा तैयार करेगा।
- नई शिक्षा नीति एवं विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग कम समय में तीव्र प्रगति के लिये कर सकती है ताकि STEM क्षेत्र में महिलाओं की संख्या बढ़ाने में मदद मिल सके।
- इसके अलावा DST ने AI नवाचारों को बढ़ावा देने और भविष्य में एआई-आधारित नौकरियों के लिये कुशल जनशक्ति तैयार करने के लक्ष्य के साथ महिला विश्वविद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रयोगशालाएँ भी स्थापित की हैं।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/vigyan-jyoti-programme